Synergy

BSES Rajdhani Power Ltd
Yamuna Power Ltd
...a joint venture with GONCTD
सितंबर– अक्टूबर, 2009

बीएसईएस की ओर से दीपावली और ईद की शुभकामनाएं

हाईकोर्ट ने भी कहा– इलेक्ट्रॉनिक मीटरों के लिए सटीकता की सीमा है (+/–) 2.5 प्रतिशत

सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (सीईए) और ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस) की गाइडलाइंस के हिसाब से, घरेलू उपभोक्ताओं के लिए फील्ड (साइट) कंडीशंस में इलेक्ट्रॉनिक मीटरों के लिए अनुमतियोग्य दोष लिमिट, आईएस 15707: 2006 द्वारा निर्धारित है, जो कि (+/–) 2.5 प्रतिशत है। वैसे ही, रेफरेंस (लैब) कंडीशंस में इलेक्ट्रॉनिक मीटरों के लिए अनुमतियोग्य दोष लिमिट, आईएस 13379: 1999 द्वारा निर्धारित है, जो कि (+/–) 1 प्रतिशत है।

गैरजरूरी विवाद पर हमेशा के लिए विराम लगाते हुए, दिल्ली हाई कोर्ट की एक डिविजन बेंच– जिसके प्रमुख थे मुख्य न्यायाधीश माननीय श्री जस्टिस मनमोहन– ने इलेक्ट्रॉनिक मीटरों की सटीकता के लिए निर्धारित उपरोक्त दोष लिमिट को सही ठहराया है। हाई कोर्ट ने, बीआरपीएल (याचिकाकर्ता) बनाम वीके जैन के मामले में 30 जुलाई, 2009 को यह आदेश दिया।

इससे पहले, अप्रैल 2008 में माननीय हाई कोर्ट के एकल जज ने एक आदेश पारित किया था, जिसमें फील्ड और लैब दोनों स्थितियों में इलेक्ट्रॉनिक मीटरों की जांच के लिए, स्टैंडर्ड आईएस 13379: 1999 के आवेदन की बात कही थी। इसके बाद, बीआरपीएल ने हाई कोर्ट के डिविजन बेंच के समक्ष याचिका दायर की थी।

वैसे, उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए बता दें कि मीटर की सटीकता के लिए भारत में बेहद कड़े पैमाने हैं। (बॉक्स देखें)

देश	अनुमतियोग्य दोष लिमिट (+/–)
फ्रांस	3
जर्मनी	6
ऑस्ट्रिया	4
बेल्जियम	+4/–6
इंग्लैंड	+2.5/–3.5

आपकी सुरक्षा सबसे पहले: क्या करें, क्या न करें

बिजली संबंधी घटनाओं की वजह से कई लोग घायल हो जाते हैं और कुछ के लिए तो ये जानलेवा भी साबित होते हैं। यहां हम बता रहे हैं, आप क्या करें और क्या न करें। ये टिप्स आपको रखेंगे सुरक्षित!

क्या करें

- ✓ बिजली की सप्लाई को ऑफ करने के बाद ही बिजली से संबंधित कोई भी काम करें।
- ✓ यदि बिजली की वजह से आग लगती है, तो तुरंत बिजली की सप्लाई को ऑफ करें और बालू/ रेत, कार्बन डायऑक्साइड या सूखे पाउडर आदि की सहायता से आग को बुझाएं। इसे बुझाने के लिए पानी का उपयोग न करें।
- ✓ सभी बिजली उपकरणों के लिए प्रभावी अर्थिंग उपलब्ध कराएं और बिजली के झटकों को रोकने के लिए अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर (ईएलसीबी) लगवाएं।
- ✓ पुरानी व क्षतिग्रस्त तारें– जहां कवर खत्म हो चुके हों, तुरंत बदलवाएं।
- ✓ सभी बिजली उपकरणों के लिए थ्री पिन प्लग लगवाएं जो ठीक तरह से अर्थ्ड हों।
- ✓ बिजली उपकरणों को डंप और गर्म सतह से दूर रखें और जलने वाली चीजों से भी इन्हें हटाकर रखें।
- ✓ लाइट डिम हो, स्पार्क कर रही हो, बिजली उपकरणों से अजीब सी आवाजें आ रही हों– तो किसी प्रशिक्षित इलेक्ट्रिशियन से संपर्क करें। ये संभावित खतरे का संकेत हो सकते हैं।
- ✓ ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइनों और तारों से दूर रहें और टूटी हुई तारों को न छुएं।
- ✓ तारों में जोड़ न लगाएं।

क्या न करें

- × ऐसे किसी भी स्थान पर न जाएं जहां खतरा/ डेंजर/ सावधान/काउशन का बोर्ड लगा हो।
- × ऐसे पेड़ पर न चढ़ें जिसे छूकर या जिसके पास से बिजली की लाइनें गुजर रही हों।
- × कभी भी बिजली के पोल पर न चढ़ें और सब स्टेशनों के पास लगी फेंसिंग के निकट न खेलें।
- × गीले हाथों से स्विच/ प्लग आदि को न छुएं।
- × टूटे हुए इलेक्ट्रिकल फिटिंग्स का उपयोग न करें, इसे अविलंब बदल दें।
- × कपड़े सुखाने के लिए, बजली की तारों के पास मेटल वायर का इस्तेमाल न करें।
- × इलेक्ट्रिक स्टॉर्म (बिजली की गरज के साथ आई आधी) के दौरान बिजली के उपकरणों का उपयोग न करें और न ही फोन पर बात करें।
- × मैचिंग प्लग पिन के बिना, सॉकेट में सीधे तार न डालें।
- × जो तार कवर न हों, उन्हें न छुएं। हो सकता है, उनमें करंट हो।
- × न्यूट्रल सर्किट पर फ्यूज न डालें।

BSES अगर आप घर बैठे नया कनेक्शन लेना चाहते हैं, अपने नाम, पते, लोड व श्रेणी में बदलाव करवाना चाहते हैं, तो हमारे **डोर स्टेप सर्विस** के लिए डायल करें 39999707 (बीआरपीएल), 39999808 (बीवाईपीएल) । आप हमारी वेबसाइट www.bsesdelhi.com पर जाकर भी सैंपल फॉर्म भर सकते हैं। हैप्पी कॉलिंग!

Want to reach over 20 lakhs families every two months...?

ADVERTISE IN THIS SPACE

Exclusive space rights with

PERFACT Complete Document Solutions

PERFACT COLOR DIGITAL PRINTS (P) LTD., Gurgaon
Call: 9212430117, 9811144829, E-mail: media@perfactonline.com
www.perfactonline.com

100% Readership